रौल नं0..............................नाम परीक्षार्थी..............................

VI-5

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० A

## सामाजिक विषय

समय – 2.00 घण्टा  कक्षा – 6  पूर्णांक – 100

**नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**नोट–प्रश्न पत्र तीन खण्डों में विभाजित है। जिस खण्ड से जितने प्रश्न हल करने हैं उसके सम्मुख अंकित हैं। प्रश्न सं. 1 व 2 अनिवार्य हैं।**

1. निम्न खण्डों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:- 10

(क) तारे हमें छोटे दिखाई देते हैं, इसका कारण है :-

(अ) चमक  (ब) छोटा आकार

(स) गति  (द) दूरी।

(ख) यूरोप और अफ्रीका महाद्वीप के बीच सागर स्थित है :-

(अ) भूमध्य सागर  (ब) लाल सागर

(स) काला सागर  (द) पीला सागर।

(ग) सिन्धु घाटी की सभ्यता थी :-

(अ) ग्रामीण  (ब) अर्द्धनगरीय

(स) अर्द्धग्रामीण  (द) नगरीय।

(घ) महाभारत की रचना की थी :-

(अ) वेद व्यास ने  (ब) बाल्मीकि ने

(स) चाणक्य ने  (द) तुलसीदास ने।

(ङ) नगर निगम कितने वर्षों के लिए बनाई जाती है :-

(अ) एक  (ब) दो

(ब) पाँच  (द) छः।

2. निम्न में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- 10

(क) सांसद और विधायक क्षेत्र पंचायत के ........... होते हैं।

(ख) ........... महीने में दिन सबसे छोटे होते हैं।

(ग) पुरापाषाण कालीन पत्थर के औजार ...........वाले थे।

(घ) व्यापार ........... और सिन्धु घाटी के शहरों के बीच होता था।

(ङ) अक्षांश और देशान्तर रेखाओं का मापन ...........में किया जाता था।

(पृष्ठ पलटिए)

**खण्ड– 'क' कोई पाँच प्रश्न कीजिए :–** **20**

3. अंतरिक्ष में पहुँचने वाले पहले भारतीय व्यक्ति कौन हैं?
4. ग्लोब पर अक्षांश रेखाओं की संख्या कितनी होती है?
5. जापान देश किस महाद्वीप में स्थित है?
6. पुरातत्ववेत्ता विषय में आप क्या जानते हैं?
7. संक्षिप्त उत्तर दीजिए : आर्यों के समाज के चार वर्ण।
8. कलिंग युद्ध किनके बीच लड़ा गया? युद्ध का क्या परिणाम हुआ?
9. महिलाओं, पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आरक्षण क्यों जरूरी है।

**खण्ड– 'ख', कोई पाँच प्रश्न कीजिए :–** **30**

10. तारे और ग्रह में क्या अन्तर है?
11. आस्ट्रेलिया के लोग ग्रीष्म ऋतु में बड़ा दिन (क्रिसमस) क्यों मनाते हैं?
12. हम चन्द्रमा का एक ही भाग क्यों देख पाते हैं?
13. प्रारम्भिक मानव अपना भोजन किस प्रकार प्राप्त करता था?
14. हमारा राष्ट्रीय चिन्ह क्या है?
15. जैन धर्म तथा बौद्ध धर्म के सिद्धान्तों को लोगों ने क्यों अपनाया?
16. नगर पंचायत के छः कार्य लिखिए।

**खण्ड–ग कोई दो प्रश्न कीजिए। प्र.सं. 19 अनिवार्य है।** **30**

17. निम्न को परम्परागत चिन्हों द्वारा प्रदर्शित कीजिए :–
    घास, पुल, छतरी, पोस्ट ऑफिस, बस्ती।
18. छठवीं शताब्दी में महावीर जैन व महात्मा बुद्ध के आने के पूर्व भारत की क्या धार्मिक स्थिति थी?
19. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–
    (क) ग्राम पंचायत का चुनाव ............ वर्ष के लिए होता है।
    (ख) ग्राम पंचायत के प्रधान को ............ कहते हैं।
    (ग) पंचायत की जिम्मेदारी गाँव की दशा ............ की होती है।
    (घ) राष्ट्रीय ध्वज की लम्बाई व चौड़ाई में अनुपात ............ का होता है।
    (ङ) भारत का राष्ट्रीय पुष्प ............ है।